Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-03-2022 | अंक 169

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## आवश्यक सूचना

अपेम लाइव न्यूज के प्रिय पाठकों आप सभी को सूचित किया जाता है। की कल अपेम द्वारा अपेम से जुड़े सभी सदस्यों के लिए पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसके कारण कल खबर प्रकाशित नही किया जाएगा।




# मां भगवती सेवा संस्थान ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही मां भगवती सेवा संस्थान ने कोरोना काल में निर्भीक होकर काम करने वाले बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ड०क्टर, नर्स एवं कई सामाजिक व्यक्तियों को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, डॉक्टर अमन प्रसाद, डॉक्टर एजाज हुसैन, पंकज कुमार, मो शमशाद, शाहिद अली, मीना कुमारी, आरे जहां, गुलशन प्रवीण, ममता कुमारी, इंद्रदेव यादव, टीपू कुरैशी, नरेश कुमार, कुलदीप कुमार, साबीर अंसारी, उदित, रवि एवं भाजपा के युवा नेता रितेश गुप्ता शामिल है। वही पूजा समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की जब कोरोना काल में लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे थे, उस समय यही लोग अपनी जान जोखिम में डालकर कोरोना से ग्राषित मरीजों का इलाज कर रहे थे। इन सभी कोरोना योद्धा को जितना भी नमन किया जाए वह कम पड़ेगा। साथ ही कोरोना काल में सद्भावना के द्वारा किए गए कार्यों को काफी सराहा।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में 21 मार्च से सत्र प्रारंभ



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में नए शिक्षण सत्र 2022-2023 की शुरुआत 21 मार्च से प्रारंभ हो रही है। साथ ही वर्तमान सत्र 2021-2022 की वार्षिक परीक्षाफल दिनांक-16/03/2022 दी जायेगी। उक्त बातों की जानकारी विद्यालय निर्देशक आई.पी भारती ने दिया ।उन्होंने कहा सभी अभिभावकों से अपील भी कि है कि 16 मार्च 2022 को उनके बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल लेने विद्यालय अवश्य आयें। साथ ही उन्होंने बताया कि नए सत्र के शुरू के दो सप्ताह बच्चों के फॉउंडेशनल व आधारभूत ज्ञान पर ज्यादा ध्यान जायेगा। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक प्राचार्य,प्रबंधन समिति के सदस्य व सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर ग्रुप्स की ओर भक्ति गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन

## भगवा एवं श्रीराम के जुड़े नृत्य ने सबका मन मोहा, लगे जय जय श्री राम की नारे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

मां भगवती सेवा संस्थान भगवती मंदिर परिसर बरही में चल रहे हैं नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के अष्टमी के रात्रि को राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर ग्रुप की ओर से भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीपीओ नाजीर अख्तर, बीडीओ सह सीओ अरविंद देवासीष टोप्पो , पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, अपेम के चीफ एडवाइजर ड०क्टर अनिल कुमार , मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केसरी, डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी, पूजा कमेटी के संरक्षक रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक ,अध्यक्ष विपिन सिन्हा, सचिव बलराम केसरी ,कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, युवा नेता रितेश गुप्ता सहित पूजा कमेटी के लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व. लित कर किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा कमेटी के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा




राज आर्यन को सम्मानित करते समिति के लोग

एवं संचालन राज आर्यन डांस एकेडमी के संचालक राज आर्यन उर्फ छोटी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर ने किया । इस कार्यक्रम में राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर ग्रुप से जुड़े कलाकारों ने एक से एक भक्ति गीत संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी । गीत गायन कार्यक्रम का नेतृत्व सिंगर विकास कुमार, लक्ष्मी कुमारी एवं अविनाश कुमार ने की। वही नृत्य कार्यक्रम का नेतृत्व कोरियोग्राफर विकास विश्वास एवं प्रतिभा कला कुंज की संचालिका प्रतिभा कुमारी ने की । कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी कलाकारों को मेडल पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया । कोरियोग्राफर गोविंदा एवं उनके टीम ने होलीआना नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत करने वालो में राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर का डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी, कोरियोग्राफर विकास विश्वास, सिंगर विकास कुमार,लक्ष्मी कुमारी, सूरज गुप्ता मुस्कान कुमारी, रितु कुमारी, आशा कुमारी ,स्नेहा राज, शांति कुमारी, गौतम दास , रणधीर , उदय , राहुल , रविंदर ,सचिन, मानसी स्वाति, परी, रूद्र गुप्ता, बंटी ,कृष्णा , छवि राज, लक्ष्मी काव्या और राज आर्यन डांस एकेडमी के कलाकार सामिल थे। मौके पर रंजीत चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, रमेश श्रीवास्तव, किशोर ठाकुर, मनोज उपाध्याय , छोटू, विकास कुमार, सोनू पंडित, प्रदीप स्वर्णकार, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

## वार्षिक परीक्षा परिणाम में निकेतनआरोहण एवं सूरज ने मारी बाजी

### झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल साधनापुरी बरही में 2021–22 का रिजल्ट घोषित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखण्ड नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक रिजल्ट घोषित किया गया। विद्यालय के सभी बच्चे अच्छे अंक लाकर पास किए । रिजल्ट को लेकर बच्चों में बहुत उत्साह का माहौल देखा गया । सभी बच्चों को विद्यालय के निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता, प्राचार्य सुशील कुमार नोडल प्रभारी प्रमोद कुमार, एग्जामिनर हेड शबाना खातून एवं शिक्षक शिक्षिकाएं प्रतिमा कुमारी सिन्हा अवकाश गिरी बेबी मुस्कान एहतेशाम परवीन शांति राणा के द्वारा अंक पत्र दिया गया एवं आगे भी बेहतर करने की शुभक. ामनाएं दी गई। घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा नर्सरी एवं एलकेजी में प्रथम स्थान अंश कुमार द्वितीय स्थान सिमरन परवीन तृतीय स्थान एमडी फैज रजा ने प्राप्त की। कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान आरोहन राज द्वितीय स्थान राजनंदनी तृतीय स्थान प्रिंस कुमार कक्षा 1 में प्रथम स्थान निकेतन राज, द्वितीय स्थान सूरज कुमार, तृतीय स्थान फरहान अख्तर, कक्षा दो में प्रथम स्थान लाडली परवीन, द्वितीय स्थान नाजिया परवीन तृतीय अली सवान , कक्षा तीन में प्रथम आराध्या दत्ता, द्वितीय आनंद कुमार एवं तृतीय आशिया स्तुति ने प्राप्त की। कक्षा चार में प्रथम अमरदीप कुमार यादव ,द्वितीय प्रियांशी कुमारी एवं तृतीय प्रिया रानी । कक्षा 5 में प्रथम रिमझिम वर्मा द्वितीय, सौरभ कुमार एवं तृतीय आयुष राज ,कक्षा 6 में प्रथम रिशु कुमारी, द्वितीय साहिबा हैदर एवं तृतीय भास्कर राज ने प्राप्त की । सभी विद्यार्थी डिस्टिंक्शन मार्क्स लाकर पास हुए तथा जूनियर जोन में पूरे विद्यालय में अव्वल आने वाले निकेतन राज 99.4: द्वितीय स्थान आरोहण राज 97.6: एवं तृतीय स्थान सूरज कुमार यादव 95.2: रहे तथा सीनियर जोन में प्रथम स्थान अमरदीप कुमार यादव 93.85: द्वितीय स्थान आराध्या दत्ता 91: एवं तृतीय स्थान रिशु कुमारी 90.42: पर रही। परीक्षा परिणाम प्रकाशन कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षको ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।




## बहुजन समाज को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी स्व कांशी राम : सूरज दास

### एआईएमआईएम पार्टी ने मनाई बहुजन नायक कांशी राम की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


कांशीराम की जयंती मनाते एआईएमआईएम के लोग

बरही प्रखण्ड परिसर स्थित डॉ अब्दुल कलाम पार्क में एआईएमआईएम पार्टी ने बहुजन नायक मान्यवर कांशी राम की जयंती मन. ाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बारी–बारी से पुष्प–अर्पित किया और मान्यवर कांशी राम के संघर्षों पर चर्चा किया। कार्यक्रम की एआईएमआईएम पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास एवं संचालन अमित पासवान उर्फ गोल्डी ने किया। सूरज दास ने बताया कि बहुजन नायक मान्यवर कांशी राम ने अकेले साइकिल पर चलकर बहुजन समाज को एकजुट करने का काम किया। उनका मानना था कि चनाव लड़ने से पार्टी मजबूत होती है, उसकी दशा सुधरती है तथा जनाधार बढ़ती है। इन्होंने 1978 में बामसेफ का गठन किया था। इसके माध्यम से सरकारी नौकरी करने वाले दलित शोषित समाज के लोगों से एक निश्चित धनराशि लेकर समाज के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। पार्टी बरही महासचिव अमित पा. सवान उर्फ गोल्डी ने कहा कि हम सभी को संकल्पित होकर बहुजन नायक मान्यवर कांशी राम जी के संघर्षों को आगे बढ़ना होगा । तभी बहुजन समाज को एकजुट कर सकेंगे। कार्यक्रम में बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, महासचिव अमित पा. सवान उर्फ गोल्डी, भीम आर्मी सचिव रिज़वान अली, शिक्षक दिनेश रविदास,रामकुमार पा. सवान,सोनू कुमार,विवेक कुमार,राहुल कुमार दास,अब्दुल अंसारी,फ़िरोज़ निज़ामी इत्यादि लोग शामिल हुए।

## सद्भावना विकास मंच ने होली मिलन समारोह कर दी एक दूसरे की होली की शुभकामनाएं



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


होली की शुभकामनाएं देते सद्भावना विकास मंच के लोग

सद्भावना विकास मंच बरही की ओर से मंगलवार को क्षत्रिय धर्मशाला प्रांगण होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमे बरही सहित चौपारण व चंदवारा के सदस्य भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों को बुके देकर स्वागत किया गया। सभी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने कहा होली रंगों का त्योहार है, होली का सार है बुराई पर अच्छाई की जीत, अर्थात होली हमे बुराई को त्यागने एवं अच्छाई को अपनाने का सिख देता है। अंत मे सभी क्षेत्रवासियो को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर सद्भवना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव अधिवक्ता कुंदन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, महिला उपाध्यक्ष पायल कुमारी, सह सचिव मो तौहीद, मीडिया प्रभारी ज़ियाउल आंसरी, महिला सह सचिव सुनीता देवी, सक्रिय सदस्य बीरेन्द्र साव, बीरेन्द्र गुप्ता, अनिल कुमार, मनोज कुशवाहा, रिंकू कुमारी, किरण देवी, गीता कुमारी, मौसम कुमारी, रीना देवी, उमीन देवी, रिंकू देवी, ममता देवी, उषा देवी, मुनिया देवी, काजल देवी, जीरा देवी, देवंती देवी, सुषमा देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, भारती देवी, ममता देवी, सरिता देवी, सरोज देवी, मंजू देवी, देवली देवी, उर्मिला देवी, जीतन तुरी, सुरेश भुइयां, बोधी भुइयां उपस्थित रहे।

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
**पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु**
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
**कपिल प्रसाद केशरी**
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

**कुंती देवी**
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित    एडिटरः सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## रामनवमी, होली एवं शब ए बरात को लेकर बरही प्रशासन ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शांति समिति की बैठक

### अवैध शराब पर पूर्ण रूप से रहेगा पाबंदी : अरविंद देवाशीष टोप्पो

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

बरही प्रशासन ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रामनवमी, होली एवं सब्बे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। इसी क्रम रसोइया धमना पंचायत भवन में शाम 5:30 बजे मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार साव के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन रसोइया धमना पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी तौकीर रजा ने किया। वहीं बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह शामिल हुए। वहीं बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी।। अगर कोई व्यक्ति चोरी चुपके से अगर शराब बेचते पकड़ा जाता है, तो वैसे लोगो पर बरही प्रशासन के द्वारा सख्ती से कार्यवाई की जाएगी । साथ ही उन्होंने कहा की धार्मिक स्थल के नजदीक किसी भी प्रकार का अबीर गुलाल नही उड़ाया जाए ताकि लोगो में शांति सौहार्द बना रहे। वहीं बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाए साथ ही राज्य सरकार के द्वारा जो भी दिशानिर्देश दिया गया है उसको मानते हुए शांतिपूर्वक ढंग से मनाए। मौके पर समाजसेवी तस्लीम अंसारी, मो तैयब, हीरामन साहू, गो. विंद साहू, बीरेंद्र कुमार, मो गनी, मो कयूम, रघुनाथ साव, नारायण साव, मो सेराज एवं दर्जनों महिलाए शामिल रहे।




## सेवानिवृत शिक्षक छत्रु महतो का निधन , शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



छत्रु महतो



विजैया निवासी एवं सेवा. निवृत्त शिक्षक छत्रु महतो का निधन हृदय गति रुकने से हो गई। वे 75 साल के थे। सुबह अचानक दर्द उठा।। उसे आनन फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वे पारा शिक्षक के तौर एनपीएस खुरवाटांड़ में 2002 से दिए। उन्होंने 2015 में पारा शिक्षक से सेवानिवृति ली। सेवा. निवृति के बाद फिलहाल वे माउंट ओलिवेन्ट स्कूल गुडिओ में बच्चों को पढ़ा रहे थे। शिक्षक के तौर पर उनकी काफी इज्जत थी। उनके दो बेटे सरकारी सेवक है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। सूचना पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया दशरथ यादव शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। शोक संवेदना प्रकट करने वाले उप मुखिया श्री सहदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाह समाज सेवी रघु मोदी, युगल यादव, सीता राम यादव ,रामसहाय यादव , बिन्देसरी यादव, राजु मोदी ,राम सेवक यादव आदि लोग शामिल थे।

## पीएम इंटरनेशनल स्कुल में विज्ञान प्रदर्शनी



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य कुमकुम देवी,विशिष्ट अतिथि डिफेंस एकेडमी निदेशक फुलचंद कुमार पंडित व विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य सत्येंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन विजय कुमार यादव व बबलु कुमार कुशवाह ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक विज्ञान म०डल प्रस्तुत किए जिसमें प्रथम स्थान पर साइंस सिटी ग्रुप ने हासिल किया। जिन्होंने समाज को आज के आधुनिक युग में स्मार्ट सिटी कैसे होगा इसका वर्णन किया द्वितीय स्थान पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग ग्रुप ने हासिल किया जो वर्षा का पानी का संरक्षण कर सिंचाई तथा अन्य उपयोग को दर्शाया गया तथा तीसरे स्थान पर पवन चक्की ग्रुप रहा जो पवन चक्की के माध्यम से बिजली उत्पादन का वर्णन किया इस विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी एवं विद्यालय निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बच्चों ने नृत्य एवं संगीत से लोगों को खूब मनो. रंजन कराया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय एमडी बिरेंद्र यादव, प्रबंधक रा. जेश कुमार यादव, शिक्षक रामतीर्थ पांडेय, रोहित मंडल, बाबूलाल महतो, ललीता कुमारी, अर्निका कुमारी,सीता कुमारी, आरती कुमारी, नंदेव मंडल,महेश कुशवाह, बैजनाथ कुमार मंडल, रामजतन गोस्वामी, राजेंद्र नायक समेत अन्य शिक्षकों ने योगदान दिया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ब्राह्मण नाई समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

### समाज को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा अडवार स्थित स्टेडियम में अखिल भारतीय ब्राह्मण नाई समाज के सौजन्य से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता समन ठाकुर और संचालन भागीरथ ठाकुर ने किया।इस अवसर पर समाज के सुदृढ़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया।कई वक्ताओं ने संबो. धित किया।समाज के उत्थान को लेकर शिक्षा को बढ़ावा,दहेज उन्मूलन,नशा मुक्ति के साथ समाज मे फैली कुरुतियों को दूर करने का संकल्प लिया।संगठन की मजबूती को लेकर विचार गोष्ठी में लोगो ने अपना अपना विचार दिया गया।वहीं संगठन की मजबूती को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष रामचन्द्र ठाकुर,शिबू ठाकुर उपाध्यक्ष ,द्वारिका ठाकुर कोषाध्यक्ष समेत 11 सदस्यों की एक कार्यकरणी समिति का गठन किया गया।होली मिलन के अवसर पर लोगो एक दूसरे से गले मिलते हुए अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभक. ामनाएं दी।कार्यक्रम में चल. कुशा प्रखंड अध्यक्ष शंकर ठाकुर, गौरी शंकर ठाकुर,विजय ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, संतोष ठाकुर, जगदीश ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर, रा. जेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, मुंशी ठाकुर, शिबू ठाकुर,रामचंद्र ठाकुर, राज. कुमार ठाकुर, सुरेश ठाकुर, पिंटू ठाकुर, अरुण ठाकुर, मुकेश ठाकुर, छोटी ठाकुर, विनोद ठाकुर, मनोज ठाकुर सीताराम ठाकुर समेत आदि लोग मौजूद थे।

## प्रजापति समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष बने रामावतार प्रजापति व प्रखण्ड सचिव राम सुन्दर प्रजापति



**अपेम लाइवः चौपारण**

दन मंगलवार को झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले चौपारण प्रखण्ड कमिटी का गठन किया गया! जिसका अध्यता उतम प्रजापति एंव संचालन रामावतार प्रजा. पति ने किया! बैठक के मुख्य अतिथि उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के सदस्ता प्रभारी नागेन्द्र प्रजापति, पर्यवेक्षक जिला संयोजक गोपाल प्रजापति , विशिष्ट अतिथि देवधारी प्रजापति , बरही प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष प्रजापति , बरही कोषाध्यक्ष प्रितम प्रजापति तोखन प्रजापति सुखदेव प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, मोहन प्रजापति, के निगरानी में सर्वसम्मति से चौपारण प्रखण्ड कमिटी का चुनाव किया गया प्रखण्ड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति , सचिव राम सुन्दर प्रजापति कोषाध्यक्ष अशोक प्रजापति संरक्षक गणेश प्रजापति को बनाया गया! गठन के साथ साथ होली मिलन समारोह मनाया गया!

बैठक में महेंद्र प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति, हिरामन प्रजापति , सिन्कु प्रजापति, किशोरी प्रजा. पति, विजय प्रजापति, अजीत प्रजापति , केदार प्रजापति, गिरधारी प्रजा. पति, द्वारिका प्रजापति , चुरामन प्रजापति , प्रकाश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, ललीत प्रजापति , विक्रम प्रजापति, अरविंद प्रजापति, रंजीत प्रजापति, मिथलेश प्रजापति, संजय प्रजापति, अरुण प्रजापति, अशोक प्रजापति, दिपक प्रजापति, पिन्टू प्रजापति. नारायण प्रजापति, अजय प्रजापति, लखेन्द्र प्रजापति, लोकनाथ प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, राम लखन प्रजापति, ईश्वर प्रजापति, मीना देवी, सोना कुमारी, प्रयंका कुमारी, फूलवन्ती देवी , सहित सैकड़ों प्रजा. पति भाई बहन उपस्थित थे!

## होली में हुड़दंग करने वाले पर निगरानी रखे बरकट्ठा प्रतिनिधि




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

गोरहर थाना परिसर में होली और शब ए बरात त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने की संचालन थाना प्रभारी राधा कुमारी व समा. जसेवी अर्जुन राणा ने की। बैठक में उपस्थित लोगों से थानाप्रभारी राधा कुमारी ने कहा कि शांति और सौ. हार्दपुर्ण माहौल में दोनों त्यौहार मनाएं। त्यौहार में असमाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। थानाप्रभारी ने सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक गाइडलाइंस को मानते हुए त्योहार मनाएं। कहा कि शराबबंदी पर पूर्णतः रोक रहेगी। हुड़दंगी करने वालो पर निगरानी रखे बैठक में जीप सदस्य कुमकुम देवी समाजसेवी मो यासीन खां बेलकपी ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, शिलाडीह ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, पंसस लोकनाथ राणा, मो सराज अनवर,अर्जुन राणा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश, पूर्व मुखिया निजाम अंसारी, मो मतीन अंसारी,मौलवी रमजान, रा. जकुमार गिरी, अवध नारायण सिंह, मो शमीम, कुंजलाल महतो, प्रदीप मंडल, चन्द्रशेखर सिंह, सुरेश पांडेय, मौलवी रमजान, रविन्द्र पांडेय, रामजी बेसरा, खिरोधर मंडल, कार्तिक महतो किशोरी ठाकुर, सुरेंद्र राणा, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## चलकुशा थाना में होली व शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक



**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : थाना परिसर में होली व शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर संचालन थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिक. ारी समरेश प्रसाद भंडारी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव उपप्रमुख दुर्गा यादव मुखिया सुभाष ठाकुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन थे। अंचल अधिकारी ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौ. हार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का त्यौहार है निर्णय लिया की होली पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी प्रकार का कोई भी दंगाई करने की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। होली पर्व के दौरान शराब की बिक्री और शराब सेवन पर पूरी तरह से निगरानी रहेगा। इस मौके पर बसंत पांडेय,अंचल अमीन कोलेश्वर यादव ,अख्तर अंसारी ,हैदर अंसारी, अजीत चरण सिंह, पूर्व शिक्षक बाल गोविंद चौधरी, सुरेंद्र यादव, समेत अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पदमा थाना में होली और शबेबरात को लेकर बैठक संपन्न

### अश्लील गानों पर रहेगा नजर : सीओ

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**



पदमा प्रखंड के अंतर्गत पदमा थाना परिसर में होली एवं सबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड के सीओ मुजाहिद अंसारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई। सीओ ने कहा कि सरकार के गाइ. डलाइन के अनुसार ही दोनों परिवार खुशियां वह आनंद से मनाएं। वहीं थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की अगर किन्ही को रंग लगाने का मन ना हो तो उसे जबरन रंग ना लगाए। साथ ही उन्होंने कहा की शराब और डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। शांति समिति की बैठक में निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे। भाजपा के सांसद प्रति. निधि सुरेंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, पदमा प्रखंड के प्रमुख विपिन मेहता, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार, कुटी. पिसी मुखिया कंचन मेहता, सरैया मुखिया शांति देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जगदीश यादव, पदमा के पंचायत समिति संजय यादव , भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण यादव, कमांडो मेहता, अक्षय वट मेहता, रविंद्र पांडे, मनोज पांडे, रामचंद्र मेहता, अशोक राणा, गोविंद मेहता, समाजसेवी पप्पू मेहता, प्रकाश यादव, ज़ोंबी पंचायत के कांग्रेसी अध्यक्ष सुनील मेहता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध यादव, अनिल मेहता, अर्जुन शर्मा, विशेष वर यादव, प्रकाश मेहता, जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता, शकूर मियां, लतीफ मियां, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष डब्लू मियां एवं अन्य अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के प्रा. थमिक विद्यालय पलमा में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल व संचालन प्रधानाध्यापक संतोष कुमार चौधरी ने किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छठा क्लास 12 वीं क्लास के प्रधानाध्यापकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण के प्रशिक्षक राजेश कुमार पासवान और अशोक विश्वकर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षकों ने कहा की विद्यालय के छात्र छात्राओं को कैसे स्वस्थ एवं कल्याणकारी का शिक्षण उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण कर छात्र छात्राओं को शिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह उपप्रमुख दुर्गा यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी पूर्व प्रधानाध्यापक बाल गोविंद चौधरी पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरुआत किया गया।प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक महेंद्र राम संतोष कुमार तालेश्वर प्रसाद यमुना बैठा अमित कुमार नंदलाल यादव शशि शेखर पांडे अनवर अली अजय कुमार रामेश्वर गंजू सुरेश पा. सवान सचिन महतो गोवर्धन यादव निशांत अहमद लखन प्रसाद मो. हम्मद कलाम नुनमन राम समेत अन्य प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## चलकुशा मे होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड के चल. कुशा पंचायत भवन में होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रमका आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता आलोक सिंह ने किया।
इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी यादव प्रखंड विकास पदाधिक. ारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव विधायक प्रति. निधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव उपप्रमुख दुर्गा यादव थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव पूर्व शिक्षक बाल गोविंद चौधरी मुखिया सुभाष ठाकुर,चमेली देवी, लखन साव पंचायत समिति सदस्य महबूब अंसारी ,अजीत चरण सिंह, भूदेव चौधरी मौजूद थे। सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम के कलाकार धनबाद से लाए गए थे। होली मिलन समारोह रंगा रंग कार्यक्रम युवा नेता आलोक सिंह के द्वारा रखा गया था। इस कार्यक्रम में अबीर गुलाल खूब उड़ाया गया। इस मौके पर बिंदेश्वर यादव अशोक यादव मनोज सिंह पूर्व मुखिया कुमार मोदी दिनेश मालाकार हरि सिंह विजय चौधरी समेत अन्य लोग उप. स्थित थे।

## सयंमित तरीके से त्यौहार मनाए



बैठक में उपस्थित बीडीओ सीओ, इंसपेक्टर व थाना प्रभारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा. होली व शब ए बरात को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक बरकट्ठा थाना परिसर में हुई । बैठक की अध्यक्षता बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा व संच. ालन थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया मौके पर सीओ श्रीकांतलाल मांझी व इंस्पेक्टर अमित लकड़ा भी उपस्थित थे । थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में जबरदस्ती रंग गुलाल नही लगाएंगे सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखी जायेगी साथ ही एफआईआर भी किया जाएगा बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने कहा चूंकि होली के समय ही शब ए बरात भी है दोनों समुदाय सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि वह अपने अपने गांव में सक्रिय रहे और अफवाह पर ध्यान नहीं दें. लोगों से किसी भी बात की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील किया अधिकारियों ने प्रशासनिक निर्देश का अनुपालन करने की अपील की शांति समिति के सदस्यों ने इलाके में शराब बंदी की मांग की । मौके पर कांग्रेस नेता संतोष देव, मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया मुंशी पासवान, पंसस दिनेश्वर मंडल, रघुवीर प्रसाद,रीतलाल प्रसाद, रामेश्वर यादव, छोटेलाल मेहता, इंद्रदेव यादव, पंसस प्रतिनिधी अशोक गुप्ता, अशोक रविदास, महाबीर ठाकुर, प्रकाश प्रसाद समेत बडी संख्या में सरस्वती पूजा समिति के लोग उपस्थित थे

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

APEM LIVE

दिनांकः 15-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## प्रभु श्री श्याम का भव्य भजन संध्या में किया गया आयोजन

### सुप्रसिद्ध भजन गायक बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा फागुन शुक्ल पक्ष एकादशी दिन सोमवार को हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित रामादेवी सत्संग भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना श्री रानी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से संपन्न हुई जिसके बाद बाबा की भव्य ज्योत सभी श्याम प्रेमियों ने लिया। वही भव्य भजन संध्या में हजारीबाग शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक भजनों से सभी श्याम प्रेमियों को जमकर झुमाया। सुप्रसिद्ध भजन गायक ने आया खाटू का मेला...., पधारो म्हारा घर बाबा श्याम..... जैसे अनेकों भजनों को गाकर श्याम प्रेमियों को झूमाया। तो वही भव्य भजन संध्या के अंतिम क्षण पर समस्त श्याम प्रेमियों ने बाबा के भव्य दरबार के समक्ष भव्य फूलों वाली होली खेली। तो वहीं भजन संध्या के पुर्व सुप्रसिद्ध भजन गायक का श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता एवं श०ल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत के क्रम में महिलाएं भी पीछे नहीं रही अपने सुप्रसिद्ध भजन गायक को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। भव्य भजन संध्या की समाप्ति के बाद सुप्रसिद्ध भजन गायक ने सभी श्याम प्रेमियों को साधुवाद दिया कहा कि प्रसन्न हूं आप सबों के स्नेह और प्यार मिला। बाबा श्याम का आशीर्वाद आप सभी लोगों पर बना रहे।

## नरैना के रैयतों की समस्याओं को लेकर एनएच पीडी से मिले पूर्व विधायक

### सुरक्षा मानकों को अनदेखी कर रही है सड़क निर्माण कंपनी, बढ़ी है दुर्घटनाएं : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जीटी रोड स्थित नरैना के समीप बनने वाले एन का गेस्ट हाउस के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण में आ रहे विसंगतियों को लेकर नरैना के रैयतों ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से मुलाकात किया। पूर्व विधायक ने समस्या से अगवत होकर रैयतों के साथ हजारीबाग स्थित एनएच कार्यालय पहुँचे। पूर्व विधायक ने एनएच पीडी धीरज कुमार भारती से मिलकर रैयतों की समस्याओं से अवगत कराया। रैयतों ने बताया कि एनएच द्वारा जो जमीन अधिग्रहित किया जा रहा है उसे थोड़ा हटकर किया जाय ताकि अधिग्रहित भूमि पर बना स्कूल बच जाए। समस्या सुनकर पीडी ने पूर्व विधायक व रैयतों को अधिग्रहित भूमि पर जाकर स्थल निरीक्षण कर समस्या समाधान करने का भरोशा दिया। इस दौरान पूर्व विधायक ने एनएच सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के लापरवाही से पीडी को को अवगत कराते हुए कहा कि सड़क निर्माण कंपनी सुरक्षा मानकों का अनदेखी कर रही है जिसका परिणाम है कि सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी है। पूर्व विधायक ने कहा कि केंदुआ मोड़, सिंघरावां मोड़, पिपरा, कैम्प एरिया स्थित पाण्डेयबारा के पास ज्यादा दुर्घटनाएं घटित हो रहा है जिसमे कई लोगों की जान चली गई। पीडी ने मामले को संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कंपनी से बात कर समस्या दूर करने का भरोशा दिया। इस दौरान वासुदेव साव, छात्रधारी यादव, चेत लाल साहू, मुनेश्वर गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, रामअवतार साहू, पिंटू कुमार साहू, पप्पू नायक, महादेव साव, सकलदेव साव, लालजी साहू, खेमन राम, उपेंद्र साहू, जागेश्वर साहू, समेत दर्जनों आरा पगार वासी उपस्थित थे

## भाकपा माले ने उचित मुआवजा राशि नही देने पर दीया आंदोलन की चेतावनी

### फैक्ट्रियों में लगातार हो रहा है हादसा,सरकार दें मृतक और मजदूर को उचित मुवावजा – भाकपा माले

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**





सोमवार 15मार्च 2022 दोपहर सर्वमंगला कूट फैक. टरी मोहनपुर में अचानक दीवाल गिर जाने के कारण कई का मौत हुई है कइयों का हालात गंभीर है,हादसा गिरिडीह में आम बात हो गई है,जिनकी मौत हुई है उनके परिवार को हिम्मत दिलाते है कि उचित मुवावजा मिलेगा यदि नहीं मिला तो आंदोलन होगा,माले के सोनु रवानी और मो मज़बूल के नेतृत्व में कई माले के साथी घटना स्थल पर पहुँचे वार्ता में साथ है।माले नेता राजेश यादव और राजेश सिन्हा गिरिडीह से बाहर रहने के कारण मौके पर नहीं पहुँच पाएं लेकिन माले की टीम मौजूद रही,दोनो नेताओ ने कहा कि उचित मुवावजा नहीं मिला तो माले चरणबद्ध आंदोलन करेगी।साथ ही साथ मजदूर संगठन समिति के साथी भी लगातार मौजुद रहे यह अच्छी खबर है कि उनपर जो प्रतिबंध लगाया गया था वह भी हटा है इससे मजदूरों की आवाज उठाने में काफी मदद होगी ज्ञात हो पदले भी माले और मजदूर संगठन मजदूर के लिए हमेशा आंदोलन करते रहते है।श्री यादव और श्री सिन्हा ने मजदूरों को एकत्रित होने को कहा है वरना लगातर हादसा के बाद आपको दरकिनार करेंगे,दोनो नेताओ ने कहा कि जबतक फैक्टरी मालि. को के ऊपर भी प्रशासन शिकंजा नहीं कसेगी मुक. दमा नहीं करेगी तब तक लगातार ऐसा हादसा होते रहेगा।'

## आजसू पाटह्र कमेटी के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर – गुलाल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव आजसू पार्टी का होली मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा के अध्यक्षता में की गई। समारोह का संचालन तपेश्वर कुमार तापस ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने अपने समर्थकों एवं उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अबीर –गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हुए होली का आनन्द उठाया। कहा होली महापर्व भाईचारगी का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण मनाइए। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी ,जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, जिला कार्यसमिति सदस्य दिनेश महतो, शंकर मिश्रा ,सुरेश दांगी ,रवि राम, तुलेश्वर महतो, उमेश कुमार मौर्य, प्रमोद राम, अर्जुन महतो ,संतोष सिन्हा, हुलास दांगी ,अर. विंद कुमार, रघुनाथ यादव, रमेश महतो, विनोद राम, अरुण महतो , इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमरी बक्सपुरा पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य जनसुनवाई के साथ हुआ समाप्त

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




प्रखण्ड के जमरी बक्सपुरा पंचायत के पंचायत भवन के समीप मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के साथ सामाजिक अंकेक्षण समाप्त हो गया।सामाजिक अंकेक्षण दल की सदस्या सुभद्रा देवी ने बताई की यह सामाजिक अंकेक्षण का कार्य इसी माह 9 मार्च से शुरू हुआ और मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के साथ समाप्त हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड से आए यदुनंदन राम ने किया जबकि संचालन सुभद्रा देवी ने किया।कार्यक्रम में जज के रूप में समिति सदस्य सरयु प्रजापत्ति,रामबृक्ष यादव,सहित पांच लोग ज्यूरी के सदस्य थे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अंकेक्षण दल के सदस्य राजेश यादव द्वारा मनरेगा के द्वारा कराए जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया।उसके बाद सुभद्रा देवी ने बताई की मनरेगा से होने वालों कार्यो को धरातल पर बेहतर ढंग से उतारने के लिए सामाजिक अंकेक्षण जरूरी है।उन्होंने बताई की सामा. जिक अंकेक्षण से निशिचत रूप से मनरेगा के कार्यो में पारदर्शिता आती है।पंचायत में मनरेगा से होने वाले कार्यो को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने का भी मामला उठा।मनरेगा एक्ट है और इसका लाभ अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचे इसका मुख्य उद्देश्य है।मौके पर अंकेक्षण दल के सदस्य गिरेन्द्र पांडेय,बी पी ओ नि. रजंन सिंह,मुखिये रजवंती देवी,गोदावरी कुमारी,रामोतार सिंह,प्रामोद कुमार सिंह, लखन पासवान,मुरली राम,विजय चौबे,सन्तोष यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बिरनी युवक घायल :- रेफर

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी के द्वारपहरी–पेशम मुख्य मार्ग में मंगलवार दोपहर को सड़क दुर्घटना में बिरनी के बलिया पंचायत निवासी बहादुर अन्सारी का पुत्र सोनू अन्सारी आपने मोटरसाइकिल से पेशम से आपना घर वापस आ रहे थे।तभी खाखीपिपर सिमा का अंत मे आपना मोटरसाइकिल का अन्तसू. लित खो कर गिर गया। और बेहोश हो गया। बता दे कि स्थानीय ग्रामीण ने आनन फानन में पहुचकर उसे गिरिडीह सदर अस्पताल ले गया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## थाना परिसर में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई मिलजुल कर त्यौहार मनाने का निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

बड़कागांव थाना परिसर में होली एवं शबे बरात त्यौहार को देखते हुए शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह एवं संचालन थाना प्रभारी गौतम कुमार ने किया। उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का निर्णय लिया एवं एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही गई ।मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि रंगों का त्योहार होली भाई चारगी का त्यौहार है लोग शराब से दूर रहें और विशेषकर आस पास पड़ोस के गरीब लोगों को आर्थिक सहयोग कर उन्हें सहयोग करें उनका भी त्यौहार अच्छी तरह से गुजरे। अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह एवं वीडियो जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि होली और शबे बरात भाईचारे का त्यौहार है हम सभी हिंदू मुस्लिम को मिलजुल कर त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाना है कहीं से किसी प्रकार कोई शिकायत का मौका नहीं दें थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया में जो भी शरारती तत्व भड़काऊ मैसेज भेजेंगे पकड़े जाने पर उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी उसे बख्शा नहीं जाएगा और सीधे जेल भेजा जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख राजमुनी देवी, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी गौतम कुमार, आई अजीत कुमार ,महेंद्र नाथ पांडे, रुस्तम अली ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, कांग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष बाबर हुसैन, प्रभु राम, संजय कुमार महतो ,सुरेश महतो, शेख अब्दुल्ला, जयनारायण प्रसाद ,रामसेवक सोनी, सांसद प्रतिनिधि मनीष पांडेय, पंकज कुमार,पदुम साव,,बादम मुखिया दीपक दास,नयाटांड मुखिया अशोक महतो, कृष्णा सिंह ,अनीता देवी, हेमंत महतो, नरेश साव, आंनद कुमार, के अलावा कई लोग उप. स्थित थे।



बैठक में शामिल पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण।

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई टर्म वन बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



न्यू किसान मेडिकल ह०ल के बगल में स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं के बच्चों ने सीबीएससी बोर्ड के टर्म।वन की परीक्षा में शत–प्रतिशत रिजल्ट लाए ।जिसमें बड़कागांव ट०पर हुजैफा ईमान रहे जिन्होंने 99.5ः प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही नेहाल रजा 96ः, शुभम पांडे 95.5ः, कृष्णा कुमार 94ः, शिवम कुमार सोनी 94ः, नित्या गुप्ता 91ः, सागर कुमार 89ः, किरण कुमारी 89ः, दिलशाद 88ः, निहारिका 87.5ः, सुनील कुमार सिंह 87.5 ः, कुमारी अंशु 87ः, भरत कुमार 85.5ः, राखी कुमार 84ः अंक प्राप्त किए । विद्यालय के प्रबंधक ,अध्यक्ष– राजदेव दांगी, उपाध्यक्ष– सरोज कुमार सोनी, सचिव– शंकर कुमार, उप सचिव– शंकर कुमार दास ,कोषाध्यक्ष – विनोद कुमार विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार सोनी ,प्रधानाध्यापक आ.ेकार कुमार मिश्र ने सामूहिक रूप से बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आगामी फाइनल परीक्षा के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

## झारखंड इंटर कॉलेज में होली एवं विदाई समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



प्रखंड मुख्यालय के समीप झारखंड इंटर क०लेज के प्राचार्य विनोद कुमार यादव के अध्यक्षता में इंटर के द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं की विदाई तथा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संच. ालन शिक्षक मोहम्मद शमशेर ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चाणक्य आईएएस अकैडमी के रिमा मिश्रा व विनय मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि में भा. जपा नेत्री पुनम साहू शामिल हुए।मुख्य अतिथि मिश्रा ने कहा कि हर सफल मनुष्य ने सफलता पाने के लिए शिक्षा को ही पहला साधन बनाया।शिक्षा के द्वारा मनुष्य अपनी जिंदगी में कोई भी सफलता हासिल कर सकता है।इसलिए शिक्षा हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षा के बिना इंसान सूखे पेड़ की तरह है जो जिंदा तो है पर जीवन नहीं है।पूनम साहू ने कहा कि होली पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इस पर्व में दुश्मन भी दोस्त बन जाते हैं।और एक दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं देते हैं।वहीं क०लेज के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिससे लोगों की मन मोह लिया।मौके पर मुख्य रूप से ड० अनवर हुसैन, अशोक कुमार ,डीएन प्रसाद, श्यामसुंदर तिवारी ,पप्पू कुमार, मोहम्मद शमशेर, रंजीत कुमार, अजय पटेल,, शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू, मुकेश कुमार इत्यादि सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति में प्रखंड मुख्यालय में दिया धरना, मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**

कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति एंव जन्मभूमि रक्षा समिति के बैनर तले एनटीपीसी के आरएनआर नीति के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति के द्वारा किया गया । जिसकी अध्यक्षता डॉ मिथिलेश दांगी एवं संच. ालन कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति के महासचिव सह मानव अधिकार कार्यकर्ता मो. इलियास अंसारी ने किया । इस मौके पर कई वक्ताओ ने सभा को संबो. धित किया। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया । सौपें गए ज्ञापन में मुख्य रूप से एनटीपीसी के आरएनआर नीति के तहत विस्थापित परिवारों को कंपनी में स्थाई नौकरी की सुविधा देने।और एनटीपीसी के लिए कार्य कर रही अधिनस्थ त्रिवेणी– सैनिक माइनिंग कंपनी में 80ः स्थानीय युवक –युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने, कंपनी ने जिन परियोजना क्षेत्र के लोगों को पिछले दिनों नौकरी से हटाया है उसे वापस काम पर लिए जाने, परियोजना प्रभावित क्षेत्र के गांवों में गैरमजरुआ जमीन का मुआवजा राशि रैंयती जमीन के समतुल्य देने एंव ग्रामसभा से सत्यापित करवाने, कंपनी में तकनीकी कार्यों को यहाँ के युवकों को प्रशिक्षित कर देने, कृषि योग्य भूमि को अधिग्रहण करने पर मुआवजे के बदले भूमि की व्यवस्था करने, झारखंड विस्थापन आयोग का गठन करने, सभी एकल परिवार को नौकरी नहीं दिए जाने पर कम से कम 12000 हजार रुपये मासिक रा. ेजगार पेंशन देने, आदि की मांग किया गया है,वही एक अन्य मांग में केन्द्र से झारखंड में कोल बीयरिंग एक्ट को समाप्त करने का आग्रह किया गया है ।इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. मिथि. थलेश दांगी, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार दांगी, संयोजक दीपक दास, अध्यक्ष दिलेश्वर महतो, देव प्रसाद, चेतलाल प्र. दांगी,मोहम्मद अजीज,इंटक प्र.अ. प्रेमचंद साव,उमेश साव,जुगेश्वर प्र. दांगी,सुदलाल साव, राजेश कुमार यादव, रजनी कुमारी, हिरामणी कुमारी, इंजरी देवी, बिलवा देवी, उमेश भुईयां, सुमित्रा कुमारी, मिलवा देवी,बिगनी देवी,नीतू कुमारी इत्यादि दर्जनों से अधिक विस्थापित प्रभावित लोग मौजूद थे ।



धरना प्रदर्शन में शामिल लोग।

APEM
LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एनिमलवर्ल्ड द्वारा जंगल को आग से बचाने को लेकर आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**






एनिमल वर्ल्ड गिरिडीह ने गिरिडीह जिला अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित अलगुंदा पंचायत के मा. निकबाद गांव में पहाड़ीटोला में वन पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एनिमल वर्ल्ड गिरिडीह के सचिव संतोष वर्मा ने कहा कि लोग अपनी सु. विधा के लिए जंगल में आग लगा देते हैं जिसमे कई जंगली पेड़ पौधे, जीव जंतु और दुर्लभ जड़ी बूटियां जलकर भस्म हो जाती है जो कि बिलकुल ही खत. रनाक समस्या है। लोग आग इस लिए लगाते हैं ताकी उसे महुआ चुनने में आसनी हो सके मगर उसके द्वारा लगाई गई आग से वन और पर्यावरण को कितनी क्षति पहुंचती हैं उसे नही मालूम। जंगली जीव जंतु सूखे पत्ते में अपना आशियाना बना कर रहते हैं उसे क्या पता कि वो आग का शिकार होने वाले है। लोगो द्वारा लगाए गए आग में ना जाने कितने ही बेजुबान और बे. कसूर जंगली जीव जंतु आग में जल कर खाक हो जाते हैं। आप सभी ग्रामीणों से एनिमल वर्ल्ड गिरिडीह आग्रह करती है कि अपनी एक छोटी सी सुविधा के लिए वन और पर्यावरण को नष्ट होने से बचाने का काम करे ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। एनिमल वर्ल्ड के प्रति. निधि राजेश कुमार वर्मा और पंकज वर्मा ने बारी बारी से सम्बोधित करते हुए कहा कि वन और पर्यावरण को आग से बचाने के लिए इस तरह का जागरूकता अभियान पूरे गिरिडीह जिला में एनिमल वर्ल्ड चला रही है ताकी किसी भी तरह की जान माल का किसी भी तरह का कोई नुकसान ना होने पाए ।इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया की अब हम जंगल में कभी आग नही लगाएंगे और ना ही किसी को लगाने देंगे। जंगल हमारी पूरानी धरोहर है और इसे बचाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम में महिला पुरुष बच्चें शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनिमल वर्ल्ड गिरिडीह के एक्टिव मेंबर राजेश कुमार वर्मा, पंकज वर्मा, समा. जसेवी बिनोद सोरेन, जसमीर मुर्मू का अमूल्य योगदान रहा।

## होलियाना रंग में रंगा चौपारण, फगुवा गीत पर झूमे लोग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**










होली का असर अब धीरे धीरे चौपारण वासियो पर चढ़ने लगा है। होली मिलन समारोह का आयोजन कर एक दूसरे को होली की बधाई देने का दौर जारी है। मंगलवार को होलियाना रंग में रंगा चौपारण, फगुवा गीतों पर झूमते नजर आए लोग। कही प्रशासनिक पदाधिकारियो ने खेला होली तो कही मुखिया ने पंचायत वासियो संग जमाया रंग तो कही ढोलक ताल पर थिरके शिक्षक तो समाजिक संगठनों ने मनाया होली। थाना परिसर में शान्ती समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन चौपारण थाना परिसर में सर्क बीडीओ चौपारण प्रेमचंद सिन्हा व सर्किल इंसेक्टर रोहित सिंह के अगुवाई में प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, राजनैतिक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के बीच आगामी होली को लेकर शान्ती समिति का बैठक कर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नाई समाज ने खेली अनोखी होली, पुष्प की वर्षा कर बनाया हा जन नायक कर्पूरी ठाकुर भवन परिसर में नाई समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। चौपारण के लिए अनोखा होली रहा जहां रंग अबीर न उड़ाकर, पुष्प की वर्षा हुवा। कार्यक्रम का उदघाटन केंद्रीय सचिव रमेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष छेड़ी ठाकुर, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, थाना प्रभारी स्वपन महतो आदि ने किया वही मंच संचालन पत्रकार अजय ठाकुर ने किया ढोलक के ताल पर झूमे शिक्षक, रंग अबीर लगा दिया होली की बधाई बीआरसी भवन चौपारण में प्रखण्ड के सरकारी स्कूलों के शिक्षको ने प्रशिक्षण समाप्ती के बाद ढोलक मंजीरा के साथ फगुवा गाकर मनाया होली। शिक्षको ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर दिया होली की बधाई। केस दौरान बीईईओ रीना कुमारी, प्रशिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, राकेश कुमार, उमेश सिंह, अनुज वैध, उपेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे। पंचायत वासियो संग ता. जपुर व चौपारण मुखिया ने खेली होली ताजपुर पंचायत भवन ता. जपुर में मुखिया शौकत खान ने पंचायत वासियो संग खेली होली वही अपने निवास स्थान पर चौपारण मुखिया बिनोद सिंह ने आयोजित किया होली मिलन समारोह। ताजपुर मुखिया व चौपारण मुखिया ने पंचायत वासियो को रंग अबीर लगाकर सबको होली का शुभामनाएँ दिया।

## लेखापाल की गैर हाजिरी से पीएफएमएस पोर्टल पर स्कूलों का बिल अटका

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल

विष्णुगढ़ बीआरसी के एकाउंटेट के मनमाने रवैए से पीएफएमएस पोर्टल पर प्रखंड के कई विद्यालयों के अनुदान के बाबत किए गए खर्च का बिल अटक गया है। इससे प्रभारी प्रधानाध्यापकों की चिंता बढ़ गई है। बीआरसी एकाउंटेंट पूरे मार्च माह में गैर–हाजिर हैं। इसके पूर्व में भी कभी मनमाने तरीके से कभी आते थे तो कभी लंबे समय से गायब हो जाते थे। इधर, पोर्टल पर व्यय राशि का भुगतान सं. बंधी कार्यवाही इन्हीं के माध्यम से होना है। उनके नहीं आने से प्रधानाध्यापकों को उपापोह एवं निराशा की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। इसे लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीडइओ को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय अनुदान की राशि निर्गत कराने की मांग की है। कहा है कि प्रभारी प्रधानाध्यापकों द्वारा पीएफएमएस पोर्टल पर विद्यालय अनुदान की राशि खर्च कर बिल अपलोड कर दिया गया है। इसमें प्रभारी प्रधानाध्यापकों के द्वारा निजी राशि का व्यय किया गया है। इसके अलावा कई मजदूर एवं दुकानदारों का भी कई तरह का बकाया है। उनके द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों पर प्रतिदिन भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रति. निधिमंडल ने ज्ञापन में कहा है कि 31 मार्च के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो सत्र 2022–23 तक इसका कुप्रभाव पड़ेगा। बीआरसी कार्यालय का कहना है कि इस संबंध में विभाग को लिखा जा चुका है। जिला द्वारा इस संबंध में सपंर्क किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में प्रखंड अध्यक्ष मुरली मनोहर दास, रितेश कुमार पांडेय, सुदामा मालाकार, रामशंकर पंडित, सुनील कुमार नापित, अर्जुन मोदक, नंदलाल रविदास, विकास कुमार, अब्दुल अहमद, अब्दुल मालेक आदि शामिल थे।

## होली मिलन समारोह में सामाजिक समरसता का मिशाल पेस किया कान्हाचट्टी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



कान्हाचट्टी प्रखंड के कान्हाचट्टी मुख्य बाजार स्थित पिपल चौक के पास मंगलवार को प्रखंड के युवाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।उक्त समारोह में प्रखंड के हर राजनीतिक दल के नेता के साथ सैकड़ो बुद्धिजीवी व सामा. जिक लोग शामिल हुए ।होली मिलन समारोह में जमकर गुलाल उड़े रंग बिरंगी गुलाल से पूरा बाजार लाल हो गया ।लोगो ने एक दूसरे के गाल पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिए ।प्रखंड के हर क्षेत्र से पहुंचे लोगो ने जमकर होली की मजा लिए ऐसा लग रहा था की ये एक परिवार के मिलन चल रहा हो कान्हाचट्टी का होली मिलन समारोह सामाजिक समरसता का मिशाल कायम किया। स्थानीय कलाकारों ने दिनभर बिखेरा जलवा जमकर झूमे प्रखंड वासी समारोह के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।ि. जसमे स्थानीय कलाकार रामस्वरूप अलब. ेला,रूपलाल रौशन अपने साथियों के साथ समा बांध दिए और दिनभर लोगो को झूमाते रहे लोगो ने स्थानीय कलाकारों के गीतों पर जमकर झूमे प्रखंड के कई बुजुर्गो ने भी अपने कलाकारी फगुवा में दिखाए और दिन भर खूब झूम. े ।कार्यकर्म में भाजपा नेता सह दिशा सदस्य बिरजू तिवारी भी शामिल हुवे। उन्होंने सबसे पहले सभी लोगो को होली की शुभक. ामनाएं दिए तत्पश्चात होली के रंग में सराबोर होते हुवे दिनभर झूमे। अंत में श्री तिवारी ने युवाओं को ऐसे ऐसे कार्यकम करवाने के लिए सराहना भी किए उन्होंने कहा की ये सम्मेलन देखकर ऐसा लग रहा है की कान्हाचट्टी अब एक बंधन में बंध गया है ।इसे कोई नही तोड़ सकता है, अब यहां सामंतवाद और गुंडा राज नही चलेगा ।मौके पर मुख्य रूप से तुलबुल मुखिया रामराज भुइया,भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,प्रकाश यादव,विक्रांत सिंह,अर्जुन सिंह,कामख्या सिंह,विजय सिंह, बिसो सिंह, सत्यनारायण सिंह,रामदेव केशरी,सुधीर केशरी,कोलेश्वर सिंह,संजय भोक्ता,धनेश्वर भोक्ता,बिगन भोक्ता,अवधेश सिंह,विवेक सिंह,मिथलेश सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

APEM
LIVE